## झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद राँची (झारखण्ड)
## प्रथम सावधिक परीक्षा (2021-2022)

**प्रतिदर्श प्रश्न पत्र** **सेट- 01**

| कक्षा- 12 | विषय- हिंदी (ऐच्छिक) | समय- 1 घंटा 30 मिनट | पूर्णांक- 40 |
|---|---|---|---|

**सामान्य निर्देश-**

- **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**
- **प्रश्नों की कुल संख्या 40 है।**
- **प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।**
- **प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं। इनमें से एक सही विकल्प का चयन कीजिए।**
- **गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटे जाएँगे।**

### खंड - 'क' (अपठित बोध)

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 01 से 04 के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए -**

विज्ञान की प्रगति से आधुनिक सुख-साधनों में पर्याप्त वृद्धि हुई है। इन साधनों के उपयोग से मानव बुद्धि कुंठित हो गई है। इसके असंतुलित उपभोग से मनुष्य का शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य विकृत हो गया है। मनुष्य के सामने एक विकट समस्या है कि इन विकट परिस्थितियों में जीवन में वास्तविक और स्थायी सुख उपलब्ध कराने के लिए क्या उपाय किए जाएँ? एक ही रास्ता दिखाई पड़ता है - भौतिक और आध्यात्मिक उन्नति में संतुलित सामंजस्य स्थापित करना। यही एक सर्वोत्तम उपलब्ध औषधि है जिसके बल पर विज्ञानजनित समाज में व्याप्त अनेकानेक बुराइयों से मुक्ति मिल सकती है।

01. विज्ञान की प्रगति से किसमें वृद्धि हुई है?

A. मानव-बुद्धि में　　B. आधुनिक सुख-साधनों में

C. मानसिक स्वास्थ्य में　　D. शारीरिक स्वास्थ्य में

02. विज्ञान की प्रगति हमारे लिए चिंता का कारण क्यों है?

A. इससे मानव-बुद्धि कुंठित हो गई है

B. शारीरिक स्वास्थ्य में गिरावट आई है

C. मानसिक स्वास्थ्य में गिरावट आई है

D. ये सभी

03. उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

A. स्थायी सुख | B. वैज्ञानिक प्रगति व अध्यात्मवाद

C. विद्यार्थी जीवन में अनुशासन | D. विज्ञानजनित उपलब्धि

04. विज्ञानजनित बुराइयों से मुक्ति कैसे मिल सकती है?

A. वैज्ञानिक प्रगति से

B. आधुनिक सुख-साधनों के उपयोग से

C. भौतिक और आध्यात्मिक उन्नति में संतुलित सामंजस्य स्थापित करके

D. आधुनिक जीवन-शैली अपनाकर

**निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 05 से 08 के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए -**

पथ पर चलना तुझे तो मुस्कुराकर चल, मुसाफिर!

वह मुसाफिर क्या जिसे कुछ शूल ही पथ के थका दे?

हौसला वह क्या जिसे कुछ मुश्किलें पीछे हटा दें?

वह प्रगति भी क्या जिसे कुछ रंगीन कलियाँ-तितलियाँ,

मुस्कुराकर, गुनगुनाकर ध्येय-पथ, मंजिल भुला दे?

जिंदगी की राह पर केवल वही पंथी सफल है

आँधियों में, बिजलियों में जो रहे अविचल मुसाफिर।

पथ पर चलना तुझे तो मुस्कुराकर चल, मुसाफिर!

05. प्रस्तुत पंक्तियों में कवि किसे संबोधित कर रहा है?

A. वीर जवानों को | B. किसानों को

C. मुसाफिर को | D. इनमें से कोई नहीं

06. कवि संघर्षों का सामना करने का क्या रास्ता बतलाता है?

A. संघर्षों का मुस्कुराकर सामना करना

B. मुश्किल में पीछे हट कर

C. रंगीन कलियों-तितलियों की ओर आकर्षित होकर

D. शूल देखकर घबराने से

07. उपर्युक्त पद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक बतलाइए।

A. स्वर्ग | B. सुबह-सुबह

C. रंगीन कलियाँ- तितलियाँ | D. मुसाफिर

08. निम्नलिखित में से 'मुसाफिर' का पर्यायवाची शब्द है –

A. अविचल | B. पंथी

C. पक्षी | D. शूल

## खंड - 'ख' (अभिव्यक्ति और माध्यम)

09. 'संचार' शब्द की उत्पत्ति 'चर' धातु से हुई है, जिसका अर्थ है –

A. चलना | B. एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचना

C. A और B दोनों | D. इनमें से कोई नहीं

10. निम्न में से कौन एक प्रसिद्ध संचारशास्त्री हैं ?

A. विल्बर श्रैम | B. जॉन एफ॰ कैनेडी

C. टेरी टाउ | D. जिम बैंबर

11. आलेख एक विधा है –

A. गद्य लेखन का | B. पद्य लेखन का

C. लघुकथा लेखन का | D. रिपोर्ताज लेखन का

12. फिल्म जनसंचार के किस माध्यम के अंतर्गत आता है?

A. श्रव्य माध्यम B. दृश्य माध्यम

C. दृश्य-श्रव्य माध्यम D. मुद्रित माध्यम

13. फ़ीचर के लिए हिंदी में कौन-सा शब्द प्रयुक्त होता है?

A. संपादकीय B. रूपक

C. समाचार D. विज्ञापन

14. संपादकीय किसके द्वारा लिखा जाता है?

A. पत्रकार B. कवि

C. संपादक D. संवाददाता

15. जनसंचार माध्यमों का प्रमुख कार्य क्या है?

A. लोगों का मार्गदर्शन करना B. मनोरंजन करना

C. सूचना देना और शिक्षित करना D. ये सभी

16. भारत में प्रकाशित होने वाला पहला अखबार कौन-सा था?

A. बंगाल गज़ट B. उदन्त मार्तंड

C. अमर उजाला D. प्रताप

17. प्रत्यक्ष संवाद के बजाय किसी तकनीकी या यांत्रिक माध्यम के द्वारा समाज के एक विशाल वर्ग से संवाद कायम करना कहलाता है –

A. संचार B. जनसंचार

C. समाचार D. फीचर

18. विश्व की पहली फिल्म कौन थी?

A. राजा हरिश्चंद्र B. आलम आरा

C. द अराइवल ऑफ ट्रेन D. लाइमलाईट

**खंड - 'ग' (पाठ्यपुस्तक)**

**निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 19 से 22 के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए -**

नत नयनों से आलोक उतर

काँपा अधरों पर थर-थर-थर।

देखा मैंने, वह मूर्ति धीति

मेरे वसंत की प्रथम गीति -

19. प्रस्तुत पंक्तियों के रचयिता कौन हैं?

A. जयशंकर प्रसाद B. तुलसीदास

C. रघुवीर सहाय D. सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

20. उपरोक्त पद्यांश किस भाषा में है?

A. ब्रजभाषा B. अवधी

C. खड़ी बोली D. उर्दू

21. ' काँपा अधरों पर थर-थर-थर' पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?

A. उपमा अलंकार B. यमक अलंकार

C. पुनरुक्तिप्रकाश अलंकार D. श्लेष अलंकार

22. प्रस्तुत पंक्तियाँ किस कविता से ली गई है?

A. गीत गाने दो मुझे B. बनारस

C. यह दीप अकेला D. सरोज स्मृति

**निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए -**

23. 'देवसेना का गीत' शीर्षक कविता जयशंकर प्रसाद के किस नाटक से लिया गया है?

A. चंद्रगुप्त B. स्कंदगुप्त

C. आजातशत्रु D. ध्रुवस्वामिनी

24. कार्नेलिया कौन थी?

A. सेल्यूकस की बेटी
B. सेल्यूकस की माँ
C. सेल्यूकस की बहन
D. इनमें से कोई नहीं

25. 'मदन महीना' किसे कहा गया है?

A. वैशाख
B. पूस
C. वसंत
D. भादो

26. 'एक कम' कविता में कवि किस चीज के लिए लोगों को दूसरों के सामने हाथ फैलाते हुए देखता है?

A. कुछ पैसों के लिए
B. रोटी के लिए
C. चाय के लिए
D. ये सभी

27. 'सत्य' कविता के अनुसार 'सत्य' के बारे में कौन-सा कथन सही नहीं है?

A. सत्य कभी दिखता है और कभी ओझल हो जाता है

B. आज सत्य की पहचान करना बहुत आसान हो गया है

C. आज सत्य का कोई स्थिर रूप, आकार या पहचान नहीं है

D. आज सत्य की पहचान करना बहुत कठिन है

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 28 से 31 के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए -**

"न आगे नाथ, न पीछे पगहा। बिना मजदूरी लिए ही जो गाँव-गाँव संवाद पहुँचावे, उसको और क्या कहेंगे?..... औरतों का गुलाम। जरा-सी मीठी बोली सुनकर ही नशे में आ जाए, ऐसे मर्द को भी भला मर्द कहेंगे?"

28. प्रस्तुत पंक्तियाँ किस पाठ से उद्धृत हैं?

A. दूसरा देवदास
B. जहाँ कोई वापसी नहीं
C. कच्चा चिट्ठा
D. संवदिया

29. गाँव-गाँव संवाद पहुँचाने का काम कौन करता था?

A. हरगोबिन B. बड़ी बहुरिया

C. मोदिआइन D. गुल मुहम्मद आगा

30. 'न आगे नाथ न पीछे पगहा' का क्या अर्थ है?

A. नास्तिक B. किसी पर विश्वास न करने वाला

C. कोई ज़िम्मेदारी न होना D. बहुत डर जाना

31. इनमें से कौन-सा शब्द विशेषण है?

A. मर्द B. गुलाम

C. संवाद D. नशा

**निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए -**

32. 'गाँधी, नेहरू और यास्सेर अराफ़ात' शीर्षक पाठ भीष्म साहनी की आत्मकथा का एक अंश है। भीष्म साहनी की आत्मकथा का क्या नाम है?

A. तमस B. आज के अतीत

C. भाग्य रेखा D. झरोखे

33. बड़ी बहुरिया क्या खाकर अपने दिन काट रही थी?

A. बासमती चूड़ा B. छप्पन भोग

C. बच्चों की जूठन D. बथुआ साग

34. लेखक रामचंद्र शुक्ल के पिताजी किस ग्रंथ को बड़े चित्ताकर्षक ढंग से पढ़ा करते थे?

A. रामचरितमानस B. रामचंद्रिका

C. A एवं B दोनों D. इनमें से कोई नहीं

35. मुहल्ले के लोग लेखक एवं उनके मित्रों को किस नाम से पुकारते थे?

A. निस्संदेह लोग B. हिंदुस्तानी रईस

C. पुरानी चीज D. वामनाचार्यगिरि

36. कहाँ की मिट्टी को हाथ लगाना बड़ा अशुभ माना जाता था?

A. वेदि की मिट्टी    B. गौशाला की मिट्टी

C. खेत की मिट्टी    D. मसान की मिट्टी

37. प्रेमचंद उर्दू में किस नाम से लिखते थे?

A. धनपत राय    B. अमृत राय

C. नवाब राय    D. प्रेमचंद

38. 'सूरदास की झोपड़ी' शीर्षक पाठ किस उपन्यास का अंश है?

A. गबन    B. रंगभूमि

C. गोदान    D. प्रेमाश्रम

39. 'चूल्हा ठंडा किया होता तो दुश्मनों का कलेजा कैसे ठंडा होता है।' - यह कथन किसका है?

A. नायक राम का    B. जगधर का

C. ठाकुरदीन का    D. सूरदास का

40. सुभागी भैरों से डरकर रात भर कहाँ छिपकर बैठी थी?

A. सूरदास की झोपड़ी में    B. जगधर की झोपड़ी में

C. अमरूद के बाग में    D. इनमें से कोई नहीं